Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up coal, lime stone and graphite based industries in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand- laid

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के दोनों जिलों यथा पलामू एवं गढ़वा देश की 125 अत्यंत पिछड़े जिलों में आते हैं। आजादी के बाद से लेकर आज तक उद्योग धंधों के नाम पर केवल छोटी सी फैक्ट्री कॉस्टिक सोडा फैक्ट्री रेहला है जिसमें केवल 1295 कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त वर्षों पूर्व 1972 में एक जपला सीमेंट फैक्ट्री खुली थी। वह भी वर्ष 1992 से आज तक बंद है। जिसके कारण प्रत्येक वर्ष वहां के सैकड़ों व्यक्ति रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाते हैं जहां उनको तरह-तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं काफी बड़ी संख्या में मजदूरों की मृत्यु हो जाती है और उनका मृत शरीर जब उनके घरों को आता है तो स्थिति बहुत विदारक हो जाती है। अतः मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को पलायन की समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार को मेरे क्षेत्र में कोयला, चूना पत्थर एवं ग्रेफाइट आधारित उद्योग धंधों को स्थापित किया जाए क्योंकि ये सारे खनिज पदार्थ बहुतायत में मेरे संसदीय क्षेत्र में मिलते हैं।